बेरोज़गारी लाभ एवं स्वास्थ्य बीमा से संबंधित बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न

इस प्रकाशन में मार्च 19, 2020 तक की जानकारी एवं मार्गदर्शन शामिल हैं।

बेरोज़गारी बीमा

किसी नियोक्ता के बंद हो जाने के कारण कौन बेरोज़गारी बीमा पाने के लिए पात्र है?

जिस कर्मचारी को छंटनी में निकाल दिया गया हो या उसके घंटे घटा दिए गए हों वह राज्य से बेरोज़गारी बीमा हेतु आवेदन करने के लिए पात्र है, फिर नियोक्ता भले ही भविष्य में दोबारा कार्य शुरू करने का इरादा रखता हो या नहीं।

क्या कोई स्वतंत्र ठेकेदार बेरोज़गारी बीमा लाभ पाने के लिए पात्र होता है?

नहीं। स्वतंत्र ठेकेदार बेरोज़गारी बीमा लाभ पाने के लिए पात्र नहीं है। सामान्यतः यदि कामगार के भुगतानकर्ता को कार्य के परिणाम मात्र को नियंत्रित या निर्देशित करने का अधिकार है (और कार्य करने के तरीके को नहीं) तो ऐसे कामगार को स्वतंत्र ठेकेदार माना जाता है।

कोई कामगार "स्वतंत्र ठेकेदार" हों या फिर "कर्मचारी", यह प्रत्येक मामले के तथ्यों पर निर्भर करता है। यदि आप यह मानते है कि आपको गलत ढंग से एक स्वतंत्र ठेकेदार के रूप में वर्गीकृत किया गया है जबकि आपको कर्मचारी के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए था, तो आपको किसी वक़ील से परामर्श करना चाहिए। आप बेरोज़गारी बीमा लाभों के लिए आवेदन भी दायर कर सकते हैं और राज्य यह निर्धारित करेगा कि आप पात्र हैं या नहीं।

बेरोज़गारी बीमा पाने के लिए व्यक्ति को कौनसे कदम उठाने होंगे?

बेरोज़गारी बीमा पाने के लिए, व्यक्ति को न्यू यॉर्क राज्य श्रम विभाग (New York State Department of Labor) में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन दो तरीकों से किया जा सकता है:

निम्नलिखित घंटों के दौरान ny.gov/services/get-unemployment-assistance पर ऑनलाइन आवेदन करें:

- सोमवार - गुरुवार: सुबह 7:30 बजे – शाम 7:30 बजे तक
- शुक्रवार: सुबह 7:30 बजे – शाम 5 बजे तक
- शनिवार: किसी भी समय
- रविवार: शाम 7 बजे तक

इन विस्तारित घंटों के दौरान टेलीफोन द्वारा 1-888-209-8124 पर आवेदन करें:

- सोमवार से गुरुवार: सुबह 8:00 बजे – शाम 7:30 बजे तक
- शुक्रवार: सुबह 8:00 बजे – शाम 6:00 बजे तक
- शनिवार: सुबह 7:30 बजे – रात 8:00 बजे तक

कोई व्यक्ति बेरोज़गारी बीमा के लिए कितनी जल्दी दावा पेश कर सकता है?

व्यक्ति छंटनी में निकाले जाते ही या उसके घंटे घटाए जाते ही दावा पेश कर सकता है। बड़ी संख्या में आवेदन मिलने के कारण, श्रम विभाग (Department of Labor) ने आवेदक के अंतिम नाम के पहले अक्षर पर आधारित एक नई आवेदन प्रणाली लागू की है:

- A – F : सोमवार
- G – N : मंगलवार
- O – Z : बुधवार
- अपने दिन पर न आ पाएं तो: गुरुवार, शुक्रवार, और शनिवार

सभी दावे उन्हें दायर किए जाने वाले सप्ताह के सोमवार से प्रभावी होंगे। दावा सप्ताह के किस दिन दायर किया गया था इससे किसी भी बेरोज़गारी बीमा भुगतान में देरी नहीं होगी।

पात्र व्यक्ति को बेरोज़गारी बीमा कितनी जल्दी मिलने लगेगा?

व्यक्ति को बेरोज़गारी के पहले सप्ताह के लिए, एक-वर्ष की अवधि के दौरान अधिकतम 26 सप्ताह तक, भुगतान किया जाएगा। कुछ परिस्थितियों में, राज्य बेरोज़गारी लाभों का भुगतान 26 सप्ताह के आगे भी बढ़ा सकता है।

बेरोज़गारी बीमा लाभ पाने की पात्रता दर्शाने के लिए भूतपूर्व कर्मचारी को क्या दिखाना होगा?

भूतपूर्व कर्मचारी को (1) हाल का कार्य इतिहास सिद्ध करना होगा, (2) उसे स्वयं का कोई दोष न होने के बावजूद कार्य से निकाला गया होना चाहिए, (3) उसे कार्य करने के लिए तैयार, इच्छुक और समर्थ होना चाहिए, और (4) सक्रिय ढंग से रोज़गार की तलाश कर रहे होना चाहिए।

- *नोट:* हालांकि कोविड-19 (COVID-19) संकट किसी भूतपूर्व कर्मचारी को "सक्रिय ढंग से रोज़गार की तलाश" करने से रोक सकता है, पर 3/13/2020 तक राज्य ने इस आवश्यकता में कोई छूट नहीं दी है।

यदि किसी भूतपूर्व कर्मचारी को उसका कोई दोष न होने के बावजूद छंटनी में निकाल दिया गया हो तो क्या उसे उसके एकत्र हुए एवं अप्रयुक्त रहे रुग्णता या अवकाश दिनों के लिए भुगतान मिल सकता है?

कर्मचारियों को अवकाश वेतन देय है या नहीं यह पता करने के लिए उन्हें अपने नियोक्ता से पूछना चाहिए। यदि किसी कर्मचारी ने अपने भूतपूर्व नियोक्ता से अवकाश दिन अर्जित किए थे और उसे छंटनी में निकाल दिए जाने के बाद उनके लिए भुगतान नहीं मिला था, तो वह न्यू यॉर्क राज्य श्रम विभाग (NYS Department of Labor) में शिकायत कर सकता है। न्यू यॉर्क शहर में, नियोक्ता किसी भूतपूर्व कर्मचारी को अप्रयुक्त रुग्णता दिनों के लिए भुगतान करने को बाध्य नहीं है, पर कुछ नियोक्ताओं की ऐसा करने की नीति हो सकती है।

क्या कोई आप्रवासी कामगार बेरोज़गारी बीमा पाने के लिए पात्र है?

हां, पर सामान्यतः यह आवश्यक है कि उक्त कामगार अपनी पिछली कमाई के समय और लाभों के लिए आवेदन करते समय कार्य हेतु अधिकृत हो।

व्यक्ति को कितना बेरोज़गारी बीमा मिलेगा?

व्यक्ति को अपनी पिछली कमाई पर निर्भर करते हुए $104 से $504 तक प्रति सप्ताह मिलेंगे।

क्या शहर यह निर्धारित करता है कि कोई भूतपूर्व कर्मचारी बेरोज़गारी बीमा पाने के लिए पात्र है या नहीं?

नहीं। यह निर्धारण न्यू यॉर्क राज्य श्रम विभाग (NYS Department of Labor) द्वारा किया जाता है, शहर या नियोक्ता द्वारा नहीं।

बेरोज़गार का स्वास्थ्य बीमा

भूतपूर्व कर्मचारी को स्वास्थ्य बीमा पाते रहने के लिए क्या करना होगा?

भूतपूर्व कर्मचारी निम्नलिखित कार्य कर सकता है:

1. राज्य बाज़ार में स्वास्थ्य देखभाल कवरेज खरीदने के लिए न्यू यॉर्क स्टेट ऑफ़ हेल्थ (NY State of Health) की वेबसाइट (https://nystateofhealth.ny.gov/) पर आए; या
2. यदि राज्य, कर्मचारी को पात्र पाता है और नियोक्ता की स्वास्थ्य योजना अर्ह (क्वालिफ़ाइ करती) है तो कर्मचारी अपना जॉब-आधारित स्वास्थ्य बीमा जारी रखने के लिए कोबरा (COBRA) के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा की निरंतरता खरीदने के लिए अपने भूतपूर्व नियोक्ता से संपर्क करें।

यदि भूतपूर्व कर्मचारी उपर्युक्त स्वास्थ्य बीमा विकल्पों के लिए अर्ह (क्वालिफ़ाइ) नहीं करता है या उनकी लागत वहन करने में सक्षम नहीं है तो क्या होगा?

भूतपूर्व कर्मचारी न्यू यॉर्क हेल्थ + अस्पतालों (NYC Health + Hospitals) द्वारा प्रस्तुत सेवाएं पाने के लिए न्यू यॉर्क केयर (NYC Care) में नामांकन का आवेदन कर सकता है।

- नोट: न्यू यॉर्क केयर (NYC Care) कोई बीमा योजना नहीं है, पर यह आय और परिवार में सदस्यों की संख्या के आधार पर न्यू यॉर्क हेल्थ + अस्पतालों (NYC Health + Hospitals) द्वारा प्रस्तुत सेवाएं घटी दर पर मिलना सुनिश्चित करती है।

अतिरिक्त सहायता

अतिरिक्त सहायता के लिए कामगार किन निःशुल्क कानूनी सेवाओं से संपर्क कर सकते हैं?

- Legal Aid Society: (888) 663-6880
- Legal Services NYC: (917) 661-4500
- New York Legal Assistance Group: (212) 613-5000
- Unemployment Action Center: (212) 998-6568